(ग) भारत सरकार द्वारा कोई कार्रवाई करना अपेक्षित नहीं है ।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल के एक गवेषणा-छात्र को विचार-गोष्ठी से निकाला जाना

169. श्री मधु लिमये :
डा० राम मनोहर लोहिया :

क्या शिक्षा मन्त्री 16 नवम्बर 1966 के तारांकित प्रश्न संख्या 309 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन सम्बन्धी भारतीय स्कूल के अनुसन्धान करने वाले एक छात्र को विचार-गोष्ठी से इसलिये निकाल दिया गया था क्योंकि उसने एक भारतीय भाषा का प्रयोग किया था ; और

(ख) यदि हां तो इस मामले में सरकार ने क्या जांच की है और जांच के निष्कर्ष क्या हैं ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) सम्बन्धित छात्र इस कारण विचार-गोष्ठी से नहीं निकाल दिया गया था कि उसने एक भारतीय भाषा का प्रयोग किया था बल्कि जब उससे अंग्रेजी मे बोलने के लिए कहा गया जिससे विचार-गोष्ठी में भाग लेने वाले सभी लोग उसकी बात समझ सके तो उसने स्वयं यह घोषित किया कि वह बाहर चला जाएगा । जब विचार-गोष्ठी के सभापति ने कहा कि उनको उसके बाहर चले जाने में कोई आपत्ति नहीं है तो वह छात्र तर्क करने लगा और गलत बर्ताव करने लगा । तब विचार-गोष्ठी के सभापति ने उससे चले जाने को कहा ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

पुरल छपरा (बिहार) में उप-डाकघर

170. श्री कमला मिश्र मधुकर : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1965 में बिहार में चम्पारन जिले में पुरल छपरा नामक स्थान पर एक उप-डाकघर जिसमें टेलीफोन की व्यवस्था हो, खोलने का निर्णय किया गया गया था ; और

(ख) यदि हा, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मन्त्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) : (क) और (ख). जी नहीं । अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर दर्जा बढ़ाकर उसे उप-डाकघर बना देने के लिए निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता । अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर में सार्वजनिक टेलीफोन की व्यवस्था करने का कोई भी प्रस्ताव विभाग के पास नहीं है ।

शिक्षा मन्त्रालय के प्रकाशन

171. श्री राम चरण : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मन्त्रालय द्वारा कितने मासिक तथा पाक्षिक प्रकाशन निकाले जाते हैं और प्रत्येक प्रति का मूल्य क्या है ;

(ख) इनके ग्राहकों क कुल संख्या क्या है; और

(ग) इन प्रकाशनों को प्रकाशित करने के कार्य पर लगाये गये कर्मचारियों तथा अधिकारियों के वेतन तथा भत्तों पर कुल कितना वार्षिक खर्च आता है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) से (ग). मुख्य मन्त्रालय में एक भी नहीं । अधीनस्थ कार्यालयों के बारे में जानकारी इकट्ठी की जा रही है और यथा-समय सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।